लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

नॉर्थ ईस्ट भारत की अनूठी सांस्कृतिक विरासत, जैविक खेती, पर्यटन की अपार संभावनाएं और खनिज पदार्थों की प्रचुरता इस क्षेत्र को अलग विशेषता देती है: लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 7 सितम्बर 2019 : दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (वेट लिफ्टिंग ऑडिटोरियम) में माय होम इंडिया (My Home India) द्वारा भारत रत्न डॉ. भूपेन हाजरिका के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट भारत के सबसे सुंदर क्षेत्रों में से एक है जहां की अनूठी सांस्कृतिक विरासत, जैविक खेती, पर्यटन की अपार संभावनाएं और खनिज पदार्थों की प्रचुरता इस क्षेत्र को अलग विशेषता देती है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट के विद्यार्थियों का कौशल, बलिष्ठ शरीर, बुद्धि और अपनी संस्कृति से अटूट प्रेम देशभर में प्रसिद्ध है और इसीलिए संपूर्ण देश में नॉर्थ ईस्ट के छात्रों की अलग पहचान है। वे विपरीत परिस्थितियों से गुजर कर भारत के बड़े शहरों में आते हैं और न केवल शिक्षा के क्षेत्र में सफल होते है बल्कि देश की अखंडता और एकता का भी संरक्षण करते हैं।

सामरिक दृष्टि से नॉर्थ-ईस्ट भारत के महत्व का जिक्र करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह क्षेत्र और यहाँ के हमारे भाई और बहन ना केवल हमारी सीमाओं की सुरक्षा करते हैं बल्कि हमारी राष्ट्रीय भावना के विकास के विविध आयामों में भी सकारात्मक योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि यह उनकी कोशिश रहेगी कि संसद के माध्यम से नार्थ ईस्ट की समस्याओं के समाधान का प्रयास हो। विद्यार्थियों को संसद भवन में आने का निमंत्रण देते हुए उन्होंने कहा कि 'छात्र संसद' के द्वारा वे अपनी लोकतान्त्रिक और संसदीय व्यवस्था से प्रभावी रूप से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिससे हम अभावों भावों को दूर कर सकते हैं और अपने लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे आगे बढ़ें और और देश के विकास के लिए सकारात्मक कार्य करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सकारात्मक ऊर्जा, कौशल और नई सोच का इस्तेमाल देश की देश के विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यार्थी जो भी सुझाव देंगे उन पर संसद विचार करेगी और नॉर्थ ईस्ट के संपूर्ण विकास को सुनिश्चित करेगी।

श्री बिरला ने माय होम इंडिया के संस्थापक श्री सुनील देवधर को साधुवाद दिया जिन्होंने अनेक बाधाओं के बावजूद उत्कर्ष्ट कार्य किया है। माय होम इंडिया की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण भारत में नॉर्थ-ईस्ट भारत के छात्रों के हितों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य किया है।

UNIQUE CULTURAL HERITAGE, ORGANIC FARMING, TOURISM AND ABUNDANT MINERAL RESOURCES MAKE THIS AREA SPECIAL FOR DEVELOPMENT OF THE COUNTRY: LOK SABHA SPEAKER

New Delhi, 7 September 2019: Speaking as the Chief Guest at the cultural programme organized by the 'My Home India' on the occasion of the birthday of Bharat Ratna Dr. Bhupen Hazarika in Jawaharlal Nehru Stadium (Weightlifting Auditorium) in New Delhi today, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla said that the North East is one the most beautiful places of India. The unique cultural heritage, organic farming, tourism and abundant mineral resources make it special for the development of the country. Lauding their skills, fitness and deep attachment with their culture, Shri Birla said that students from North East, who arrive in big cities after conquering several adversities, excel not only in education but also contribute purposively for national integrity.

Referring to the importance of the North East India from strategic point of view, Shri Birla said that this area and our brothers and sisters there actively guard our borders.

He assured that he would try his best that the issues concerning the North East are discussed actively in the Parliament. Inviting the students to visit Parliament House, he suggested that they can align with our democratic and parliamentary system through the mechanism of 'Chhatra Sansad'. He emphasized that democracy is a credible system which facilitates redressal of the deprivations and allows us to ameliorate the social and economic profile of our people. He called upon the students to move forward and work constructively for the development of the country. He assured them that Parliament will consider their suggestions seriously and work for the holistic development of the North East.

Lauding the efforts of Shri Sunil Deodhar, founder of 'My Home India', Shri Birla said that he has been working constructively despite several obstacles. He praised the work of 'My Home India', mentioning that it has been contributing for the security and promotion of the issues relating to the students of the North East India.